This Question Paper consists of **32** questions [Section-A (22) + Section-B (5 + 5)] and **16** printed pages.
इस प्रश्न–पत्र में **32** प्रश्न [खण्ड 'अ'(22) + खण्ड 'ब'(5 + 5)] तथा **16** मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | |

Code No. 55/ESS/4
कोड नं.

SET/सेट **A**

ACCOUNTANCY
लेखांकन
(Principles and Practice of Financial Accounting)
(वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार)
(320)

Day and Date of Examination
(परीक्षा का दिन व दिनांक) _____

Signature of Invigilators **1.** _____
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)
2. _____

General Instructions :

1 Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

2 Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

3 Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

4 Write your Question Paper code No. **55/ESS/4, Set–A** on the Answer-Book.

5 (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1 परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

2 कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

3 उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

4 अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **55/ESS/4, सेट-A** लिखें ।

5 (क) प्रश्न–पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है । फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी ।
कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं ।

(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी ।

ACCOUNTANCY

लेखांकन

(Principles and Practice of Financial Accounting)

(वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार)

(320)

Time : **3** Hours] [Maximum Marks : **100**

समय : 3 घण्टे] [**पूर्णांक : 100**

Note : (i) This Question Paper has **two** Sections - Section **'A'** and Section **'B'**.

(ii) Attempt **all** questions of Section **'A'.** Section **'B'** has ***two*** options. Candidates are required to attempt questions from ***one*** *option* only.

(iii) Each question from Question Nos. **1 to 9** has four alternatives - (A), (B), (C) and (D), out of which one is most appropriate. Choose the correct answer among the four alternatives and write it in your Answer-Book against the number of the question. No extra time is allotted for attempting multiple-choice questions.

निर्देश : (i) इस प्रश्न–पत्र में **दो खण्ड** हैं – खण्ड **'अ'** एवं खण्ड **'ब'** ।

(ii) खण्ड **'अ'** के सभी प्रश्नों को हल करना हैं । खण्ड **'ब'** में **दो** विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल एक विकल्प के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

(iii) प्रश्न संख्या **1 से 9** तक के प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प – (A), (B), (C) तथा (D) हैं, जिनमें से एक उपयुक्त हैं । चारों विकल्पों में से सही उत्तर चुनें तथा अपनी उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न संख्या के सामने उत्तर लिखें । बहुवैकल्पिक प्रश्नों के लिये अतिरिक्त समय नहीं दीया जाएगा ।

SECTION - A

खण्ड – अ

1 Subscription received by a Not for Profit Organization is an item of : **1**

(A) Income (B) Expenditure (C) Asset (D) Liability

एक अ–लाभकारी संगठन द्वारा प्राप्त चंदे की राशि मद है :

(A) आय (B) व्यय (C) सम्पत्ति (D) देयता

2 What is not true about Single Entry System that is in this system ? 1

(A) Only one aspect of a transaction is recorded.
(B) For certain transactions both the aspects are recorded.
(C) Some transactions are ignored.
(D) For some transactions only one aspect is recorded.

एकल अंकन प्रणाली के सम्बन्ध में सत्य नहीं है कि इस पद्धति में :

(A) लेनदेन के केवल एक पक्ष का अभिलेखन होता है ।
(B) कुछ लेनदेनों के दोनों पक्षों का अभिलेखन होता है ।
(C) कुछ लेनदेनों की अनदेखी की जाती है ।
(D) कुछ लेनदेनों के केवल एक पक्ष का अभिलेखन किया जाता है ।

3 The minimum number of persons required to form a partnership is : 1

साझेदारी के गठन के लिए कम से कम जितने सदस्यों की आवश्यकता होती है, वह है :

(A) 2 (B) 7 (C) 10 (D) 20

4 A and B are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. C is admitted as a partner for $\frac{1}{5}$ share which he acquired equally from A & B, sacrificing ratio will be : 1

A और B एक फर्म में साझेदार हैं और लाभ का आवंटन 3 : 2 के अनुपात में करते हैं। C को लाभ में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया। इस को उसने A और B से बराबर बराबर लिया। त्याग अनुपात होगा :

(A) 3 : 2 (B) 1 : 1 (C) 2 : 3 (D) 2 : 1

5 There is no partnership deed and one of the partners has given an advance of Rs. 1 lakh to the firm. The partner will be allowed interest on this amount at the rate of : 1

(A) 6% p.a. (B) 12% p.a.
(C) 18% p.a. (D) Market Rate

कोई साझेदारी संलेख नहीं है और एक साझेदार ने फर्म को 1 लाख रु. अग्रिम दिए हैं। इस राशि पर साझेदार को ब्याज जिस दर से दिया जाएगा वह है :

(A) 6% वार्षिक (B) 12% वार्षिक
(C) 18% वार्षिक (D) बाजार दर से

6 The minimum persons required to form a public company is : 1

सार्वजनिक कंपनी के गठन के लिए न्यूनतम व्यक्ति चाहिए :

(A) 7 (B) 2 (C) 50 (D) 100

7 Life Insurance Corporation of India is a 1

(A) Government Company (B) Private Company
(C) Public Company (D) Statutory Company

भारतीय जीवन बीमा निगम है, एक :

(A) सरकारी कंपनी (B) निजी कंपनी
(C) सार्वजनिक कंपनी (D) संवैधानिक कंपनी

8 When the forfeited shares re-issued at discount the maximum discount that can be allowed is : 1

(A) 5% of the face value of a share
(B) equal to the amount forfeited on such shares
(C) 20% of the face value of a share
(D) there is no maximum limit

जब्त किए गए अंशों का पुनःनिर्गमन जब बट्टे पर किया जाता है तो बट्टे की अधिकतम दरें होगी :

(A) अंश के अंकित मूल्य का 5%
(B) इन अंशों के जब्त किए जाने पर जब्त की जाने वाली राशि
(C) अंश के अंकित मूल्य का 20%
(D) कोई अधिकतम सीमा नहीं

9 A company whose atleast 51% shares are held by the government is called 1

(A) Public Company (B) Private Company
(C) Statutory Company (D) Government Company

एक कंपनी जिसके न्यूनतम 51% अंश सरकार के पास होते हैं, कहलाती है :

(A) सार्वजनिक कंपनी (B) निजी कंपनी
(C) वैधानिक कंपनी (D) सरकारी कंपनी

10 From the following calculate the amount of subscription received to be shown in the Income and Expenditure Account for the year ended up 31st December 2016 : 3

	Rs.
Subscription received during 2016	18,000
Subscription outstanding on 31-12-2016	2,000
Subscription received in 2016 for 2017	1,000
Subscription received in 2016 for outstanding amount of 2015	1,500
Subscription received in 2015 for 2016	2,500

निम्नलिखित से चन्दे की उस प्राप्त राशि की गणना कीजिए जिसे 31 दिसम्बर 2016 को समाप्त वर्ष के आय व्यय खाते में दर्शाया जाएगा :

	रु.
वर्ष 2016 में प्राप्त चंदा	18,000
31-12-2016 को अदत्त चंदा	2,000
वर्ष 2016 में 2017 के लिए प्राप्त चंदा	1,000
2015 का अदत्त चंदा 2016 में प्राप्त	1,500
2015 में 2016 के लिए प्राप्त चंदा	2,500

11 Differentiate between Reserve and Provision on the following basis : 3

(a) How is it created ?
(b) When is it created ?
(c) Its utilization

संचय और प्रावधान में निम्न के आधार पर अन्तर कीजिए :

(क) इसका सृजन किस प्रकार से किया जाता है ?
(ख) इसका सृजन कब किया जाता है ?
(ग) इसका उपयोग कैसे होता है ?

12 State any three issues that may arise when there is no partnership deed. 3
ऐसी किन्हीं तीन समस्याओं का उल्लेख कीजिए जो साझेदारी संलेख के न होने की स्थिति में पैदा हो सकती हैं।

13 Alpha Ltd. purchased machinery for Rs. 80,000 on 1st April, 2014. 5
On 1st October 2015, it purchased another machine for Rs. 40,000. On 30th June 2016 it sold half of the machinery purchased on 1st April 2014 for Rs. 20,000. Depreciation is charged @ 20% on the original cost of the machinery.
Prepare Machinery Account for 2014-15, 2015-16 and 2016-17. Accounts are closed on 31st March every year.
एल्फा लि. ने 1 अप्रैल 2014 को रु. 80,000 में एक मशीन खरीदी। 1 अक्टूबर 2015 को इसने एक और मशीन रु. 40,000 में खरीदी 30 जून 2016 को इसने 1 अप्रैल 2014 को खरीदी गई मशीन के $\frac{1}{2}$ भाग को रु. 20,000 में बेच दिया। अवक्षयण मशीन की मूल लागत पर 20% की दर से लगाया गया है। वर्ष 2014-15, 2015-2016 और 2016-17 का मशीन खाता बनाइए। खाते प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द किए जाते हैं।

14 Bahubali, a trader started business on 1st April 2016 with a capital of Rs. 50,000. 5
On 31st March 2017 his position was as follows :

	Rs.
Cash	22,000
Debtors	38,000
Stock	35,000
Furniture	15,000
Creditors	24,000

During the year he withdrew Rs. 18,000 for his household expenses and introduced Rs. 20,000 as fresh capital.
Ascertain the profit earned by him for the year ending 31st March 2017.
व्यापारी बाहुबली ने 1 अप्रैल 2016 को रु. 50,000 की पूँजी से व्यापार प्रारंभ किया। 31 मार्च 2017 को उसकी स्थिति निम्न थी :

	रु.
रोकड़	22,000
देनदार	38,000
स्टॉक	35,000
फर्नीचर	15,000
लेनदार	24,000

वर्ष के दौरान उसने रु. 18,000 का आहरण घर खर्च के लिए किया तथा रु. 20,000 की और पूँजी लगाई। उसके द्वारा 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए अर्जित लाभ का निर्धारण कीजिए।

15 A and B are partners sharing profits in the ratio of 3 : 2. C was admitted as a new partner for $\frac{1}{5}^{th}$ share which he acquired in A and B's old ratio. C brought his share of goodwill premium in cash. 5

Goodwill of the firm is calculated at three years purchase of its super profit. Other information is as follows :

	Rs.
Capital Employed in the firm	3,00,000
Normal Rate of Return	15%
Average Profit of the firm	65,000

Calculate goodwill of the firm and pass journal entries for the treatment of goodwill premium brought in by C.

A और B साझेदार हैं और लाभ का आवंटन 3 : 2 के अनुपात में करते हैं। C को $\frac{1}{5}$ भाग के लिए नया साझेदार बनाया गया जिसे उसने A और B के पुराने लाभ अनुपात में लिया। C अपने भाग की ख्याति प्रीमियम की राशि को नकद लाता है।

फर्म की ख्याति की गणना अधिलाभ के 3 वर्ष के क्रय पर की जानी है :

अन्य सूचना निम्न है :

	रु.
फर्म में प्रायोजित पूँजी	3,00,000
लाभ की सामान्य दर	15%
फर्म का औसत लाभ	65,000

फर्म की ख्याति की गणना कीजिए तथा C द्वारा लाई गई ख्याति प्रीमियम की राशि के समाधान की रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

16 List the various restrictions on a private company. Distinguish between a public company and a private company on the basis of : (i) Minimum number of members and (ii) Name. 5

निजी कंपनी पर लगाए जाने वाले प्रतिबन्धों को सूचिबद्ध कीजिए। निम्न के आधार पर सार्वजनिक कंपनी और निजी कंपनी में अन्तर बताइए : (i) सदस्यों की न्यूनतम संख्या (ii) नाम।

17 Vee Bee Start up Ltd. forfeited its 500 shares, held by Mota Bhai of Rs. 100 each which were issued at par. Mota Bhai did not pay the allotment money of Rs. 40 and first and final call of Rs. 20 per share. 400 of these shares were reissued at Rs. 80 per share. 5

Pass journal entries of forfeiture of shares and reissue of forfeited shares in the books of the company.

वी. बी. स्टार्ट अप लि. ने रु. 100 प्रति के मोटा भाई के 500 अंशों को जब्त कर लिया इनको सममूल्य पर जारी किया गया था। मोटाभाई ने रु. 40 प्रति अंश आवंटन की और रु. 20 प्रति अंश प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि को भुगतान नहीं किया था। इन अंशों में से 400 अंशों को रु. 80 प्रति अंश से पुनर्निर्गमन कर दिया गया।

अंशों के जब्त करने तथा जब्त किए गए अंशों के पुनर्निर्गमन की कंपनी की लेखा पुस्तकों में रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

18 Make journal entries for the issue of 500, 10% debentures of Rs. 100 each in the following cases : 5

(a) Issued at Rs. 100; redeemable at Rs. 100
(b) Issued at Rs. 110; redeemable at Rs. 100
(c) Issued at Rs. 100; redeemable at Rs. 110
(d) Issued at Rs. 90; redeemable at Rs. 100
(e) Issued at Rs. 90; redeemable at Rs. 110

निम्न स्थितियों में रु. 100 प्रति के 500, 10% ऋणपत्रों के निर्गमन की रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(क) रु. 100 पर निर्गमन; रु. 100 पर शोधन
(ख) रु. 110 पर निर्गमन; रु. 100 पर शोधन
(ग) रु. 100 पर निर्गमन; रु. 110 पर शोधन
(घ) रु. 90 पर निर्गमन; रु. 100 पर शोधन
(ङ) रु. 90 पर निर्गमन; रु. 110 पर शोधन

19 X, Y and Z were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 2 : 1. Y died on 1st July 2017. From the following details prepare Y's Capital Account so as to ascertain the amount payable to Y's legal representatives. 6

(a) Y's capital as per last Balance Sheet as on 31st March 2017 was Rs. 60,000.
(b) Y's drawings till date of death were Rs. 10,000.
(c) Profit upto the date of death was to be calculated on the sales upto date of death at the rate of profit on last years sales, the rate was 15% on sales. Sales from 1st April 2017 to 30th June 2017 were Rs. 2,00,000.
(d) There was a General Reserve of Rs. 25,000.
(e) Profit on Revaluation was Rs. 30,000.
(f) Goodwill of the firm was valued at Rs. 45,000.
(g) The firm had a joint life policy of Rs. 50,000.

X, Y और Z एक फर्म में साझेदार थे और लाभ का आवंटन 2 : 2 : 1 के अनुपात में करते थे। 1 जुलाई 2017 को Y की मृत्यु हो गई। निम्न विवरण से Y के कानूनी प्रतिनिधियों को देय राशि का निर्धारण करने के लिए Y का पूँजी खाता तैयार कीजिए :

(क) 31 मार्च 2017 के पिछले स्थिति विवरण के अनुसार Y की पूँजी रु. 60,000 थी।
(ख) Y की मृत्यु की तिथि तक उसकी आहरण राशि रु. 10,000 थी।
(ग) मृत्यु की तिथि तक की लाभ की गणना; पिछले वर्ष की बिक्री पर लाभ की दर से, मृत्यु की तिथि तक की बिक्री पर की जानी थी। बिक्री पर यह दर 15 % थी। 1 अप्रैल 2017 से 30 जून 2017 तक कुल बिक्री रु. 2,00,000 थी।
(घ) सामान्य संचय रु. 25,000 था।
(ङ) पुनःमूल्यांकन पर लाभ रु. 30,000 हुआ।
(च) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन रु. 45,000 किया गया।
(छ) फर्म को संयुक्त बीमा पॉलिसी रु. 50,000 थी।

20 Vikram Commercial Drone Manufacturing Ltd. issued for public subscription 10,000 shares of Rs. 100 each at a premium of Rs. 20 per share. The amount was payable as follows : **6**

On application ..... Rs. 30 per share
On allotment ..... Rs. 50 per share (including premium)
On First Call ..... Rs. 20 per share
On Second and Final Call ..... Rs. 20 per share

Applications were received for 15000 shares. Allotment was made on prorata basis to the applicants of 12000 shares. Remaining applications were rejected and money returned. Excess money received with applications was adjusted towards sum due on allotment.

Allotment and 1st call money was duly received except on 500 shares held by Pintoo who did not pay the allotment and call money. His shares were forfeited. Final call was not made.

Pass journal entries in the books of the company for the above transactions.

विक्रम कमर्शीयल ड्रोन मैन्युफेक्चरिंग लि. ने रु. 100 प्रति के 10,000 अंशों का जनसाधारण के अभिदान हेतु रु. 20 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमन किया।

राशि का भुगतान इस प्रकार से किया जाना था :

आवेदन पर ..... रु. 30 प्रति अंश
आवंटन पर ..... रु. 50 प्रति अंश (प्रीमियम सम्मिलित)
प्रथम याचना पर ..... रु. 20 प्रति अंश
द्वितीय एवं अन्तिम याचना पर ..... रु. 20 प्रति अंश

15000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 12000 अंशों के आवेदकों को अनुपातिक आधार पर आवंटन किया गया। शेष आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा उनकी राशि लौटा दी गई। आवेदनों पर प्राप्त आधिक्य राशि को आवंटन पर देय राशि में समायोजित कर लिया गया।

पिंटू के 500 अंशों को छोड़कर शेष आवंटन एवं याचना राशि यथावत प्राप्त हो गई। पिंटू ने आवंटन एवं याचना राशि का भुगतान नहीं किया। उसके अंशों को जब्त कर लिया अंतिम याचना नहीं मांगी गई।

उपरोक्त लेनदेनों की कंपनी की लेखा पुस्तकों में रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

21 From the following Trial Balance of Gunakshi and Sisters as on 31st March, 2017 prepare Trading and Profit and Loss Account for the year ended 31st March 2017 and Balance Sheet as on that date. **10**

Trial Balance of Gunakshi and Sisters as on 31st March 2017

Name of A/c.	**Dr. Balance Rs.**	**Cr. Balance Rs.**
Cash at Bank	20,000	-
Capital	-	1,20,000
Purchase	84,000	-
Sales	-	1,65,000
Drawings	12,000	-
Carriage Inward	1,500	-
Wages	12,000	-

Bad Debts	2,000	-
Stock (01-04-2016)	35,000	-
Motor Van	54,000	-
Land and Building	60,000	-
Salary	18,000	-
Goods and Service Tax	8,000	-
Insurance	4,500	-
Salesmen's Commission	5,000	-
Advertisement	8,000	-
Debtors	36,000	-
Creditors	-	35,000
	3,60,000	**3,60,000**

Adjustments :

(i) Stock on 31st March 2017 was valued at Rs. 54,000

(ii) Wages outstanding were Rs. 2,000

(iii) Insurance prepaid was Rs. 500

(iv) Loan was taken on 1st June 2016 @ 12% p.a.

(v) Depreciate Motor Van @ 15% and Building @ 10%.

गुणाक्षी एण्ड सिस्टर्स के 31 मार्च 2017 को नीचे दिए तलपट से 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए व्यापार एवं लाभ–हानि खाता बनाइए और उसी तिथि को स्थिति विवरण भी बनाइए

गुणाक्षी एण्ड सिस्टर्स का तलपट 31 मार्च 2017 को

खाते का नाम	**नाम शेष**	**जमा शेष**
	रु.	**रु.**
बैंक में रोकड़	20,000	-
पूँजी	-	1,20,000
क्रय	84,000	-
विक्रय	-	1,65,000
आहरण	12,000	-
भाड़ा आगम	1,500	-
मजदूरी	12,000	-
अप्राप्य ऋण	2,000	-
स्टॉक (01-04-2016)	35,000	-
मोटर वैन	54,000	-
भूमि एवं भवन	60,000	-
वेतन	18,000	-
वस्तु एवं सेवा कर	8,000	-
बीमा	4,500	-
विक्रयकर्ता का कमीशन	5,000	-
विज्ञापन	8,000	-
देनदार	36,000	-
लेनदार	-	35,000
	3,60,000	**3,60,000**

समायोजन :

(i) 31 मार्च 2017 को स्टॉक का मूल्य रु. 54,000 था

(ii) अदत्त मजदूरी रु. 2000 थी

(iii) पूर्वदत्त बीमा रु. 500 था

(iv) ऋण को 1 जून 2016 को 12% वार्षिक से लिया गया था।

(v) मोटर वैन पर 15% की दर से तथा भवन पर 10% की दर से अवक्षयण लगाना है।

OR / अथवा

The Receipt and Payment Account and additional information of North East Cultural Society (Regd) for the year ending on 31st March 2017 is given below. Prepare Income and Expenditure Account for the year ending on 31st March 2017 and Balance Sheet as on that date.

Receipt and Payment Account of North East Cultural Society (Regd) for the year ended 31st March 2017

Dr. **Cr.**

Particulars	Amount Rs.	Particulars	Amount Rs.
Cash in hand and at Bank	38,000	Remuneration of Artists	8,000
Subscription	30,000	Rent of costumes	16,000
Entrance Fees	2,000	Remuneration of Musicians and Choreographers	18,000
Life Membership fees	10,000	Annual function expenses	18,000
Fees from participants	12,000	Expenses on cultural shows	24,000
Sales tickets	35,000	Competitions	14,000
Grant in aid (from Ministry of Tourism)	40,000	Office Expenses	6,000
Donations	30,000	Motor Van Expenses	8,000
Interest on F.D	3,000	Publicity	15,000
		Fixed Deposit with Bank @ 15% p.a. (on 01-07-2016)	40,000
		Cash in hand and at Bank	33,000
	2,00,000		**2,00,000**

Additional Information :

(i) Subscription outstanding on 31-3-2017 was Rs. 3,000 and received for 2017-18 was Rs. 2,000.

(ii) On 1st April 2016 the society had furniture Rs. 12,000 and motor van Rs. 40,000.

(iii) Depreciate furniture by 10% and motor van by 15%.

(iv) Out of donations Rs. 10,000 were to be capitalized.

नार्थ–ईस्ट कल्चरल सोसाइटी (पंजी.) के 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के प्राप्ति एवं भुगतान खाता तथा अतिरिक्त सूचना नीचे दी गई है। 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए आय–व्यय खाता बनाइए तथा इसी तिथि को स्थिति विवरण तैयार कीजिए।

नार्थ–ईस्ट कल्चरल सोसाइटी (पंजी.) प्राप्ति एवं भुगतान खाता
31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए

प्राप्तियाँ	राशि रु.	भुगतान	राशि रु.
हस्तस्थ एवं बैंक में रोकड़	38,000	कलाकारों का प्रतिफल	8,000
चंदा	30,000	कॉस्ट्यूम का किराया	16,000
प्रवेश शुल्क	2,000	संगीतकारों एवं कोरियोग्राफर का	
आजीवन सदस्यता शुल्क	10,000	प्रतिफल	18,000
प्रतियोगिता भागियों से फीस	12,000	वार्षिकोत्सव पर व्यय	18,000
टिकटों की बिक्री	35,000	सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर व्यय	24,000
पर्यटन मंत्रालय से		प्रतियोगिताएँ	14,000
प्राप्त सहायता अनुदान	40,000	कार्यालय व्यय	6,000
दान राशि	30,000	मोटर वैन व्यय	8,000
स्थाई जमा पर ब्याज	3,000	प्रचार	15,000
		बैंक में स्थाई जमा 15 %	
		वार्षिक पर (01-07-2016 को)	40,000
		हस्तस्थ एवं बैंक में रोकड़	33,000
	2,00,000		**2,00,000**

अतिरिक्त सूचना :

(i) 31-3-2017 को अदत्त चंदा रु. 3,000 तथा 2017-18 के लिए प्राप्त चंदा रु. 2,000 था।

(ii) 1 अप्रैल 2016 को सोसाइटी के पास फर्नीचर रु. 12,000 तथा मोटर वैन रु. 40,000 के थे।

(iii) फर्नीचर पर 10% तथा मोटर वैन पर 15% अवक्षयण लगाया गया।

(iv) दान राशि में से रु. 10,000 की राशि का पूँजीकरण किया गया।

22 Deepika and Priyanka are partners sharing profit in the ratio of 4 : 3. **10**
On 31st March 2017 their balance sheet was as follows :

Balance Sheet of Deepika and Priyanka as at 31st March 2017

Liabilities	Amount Rs.	Assets	Amount Rs.
Bills Payable	28,000	Bank	29,000
Creditors	44,000	Debtors	40,000
Reserve	28,000	Stock	35,000
Capital :		Investment	30,000
Deepika	80,000	Machinery	40,000
Priyanka	60,000	Building	45,000
		Goodwill	21,000
	2,40,000		**2,40,000**

On 1st April 2017 they admitted Maya as a new partner for $\frac{2}{7}^{th}$ share in profit which she acquired equally from Deepika and Priyanka. Other terms were as follows :

(i) Stock is valued at Rs. 42,000; Investment Rs. 36,000 and Building Rs. 52,000.

(ii) Machinery is depreciated by 10%

(iii) Create a reserve for bad and doubtful debts on Debtors @ 5%

(iv) Maya brings Rs. 50,000 as her capital and Rs. 20,000 for her share of goodwill.

Prepare Revaluation A/c., Partners Capital A/cs. and Balance sheet of the reconstituted firm.

दीपिका और प्रियंका साझेदार हैं और लाभ का आवंटन 4 : 3 के अनुपात में करते हैं। 31 मार्च 2017 को उनका स्थिति विवरण इस प्रकार था :

दीपिका एवं प्रियंका स्थिति विवरण 31 मार्च 2017 को

देयताएं	राशि रु.	सम्पत्तियाँ	राशि रु.
देयविपत्र	28,000	बैंक	29,000
लेनदार	44,000	देनदार	40,000
संचय	28,000	स्टॉक	35,000
पूँजी :		निवेश	30,000
दीपिका	80,000	मशीनरी	40,000
प्रियंका	60,000	भवन	45,000
		ख्याति	21,000
	2,40,000		**2,40,000**

1 अप्रैल 2017 को उन्होंने माया को लाभ में $\frac{2}{7}$ भाग के लिए नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया जिसे उसने दीपिका एवं प्रियंका से बराबर बराबर लिया। अन्य शर्तें इस प्रकार से थी :

(i) स्टॉक का मूल्यांकन रु. 42,000; विनियोग का रु. 36,000 तथा भवन का रु. 52,000 किया गया।

(ii) मशीनरी पर 10% अवक्षयण लगाना है।

(iii) देनदारों पर अप्राप्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए 5% का प्रावधान करना है।

(iv) माया रु. 50,000 पूँजी के तथा रु. 20,000 अपने भाग की ख्याति प्रीमियम के लाएगी।

पुनःमूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण बनाइए।

OR / अथवा

Aditya and Rohit were partners in a firm and shared profits as 3 : 2.

They decided to dissolve their firm on 1st April, 2017. Their balance sheet as on 31st March, 2017 was as follows :

Balance Sheet of Aditya and Rohit as on 31st March 2017

Liabilities		Amount	Assets	Amount
		Rs.		Rs.
Capital :			Machinery	60,000
Aditya	75,000		Furniture	15,000
Rohit	45,000	1,20,000	Investments	35,000
Bills Payable		25,000	Stock	40,000
Sundry Creditors		40,000	Sundry Debtors	45,000
General Reserve		25,000	Cash at Bank	35,000
Rohit's mother's loan		40,000	P&L A/c.	20,000
		2,50,000		**2,50,000**

The assets and liabilities were disposed off as follows :

(a) Assets realized
Machinery ..... Rs. 45,000
Furniture ..... Rs. 8,000
Stock .....Rs. 50,000 and
Debtors..... Rs. 40,000

(b) Investments were taken over by Rohit at Rs. 40,000 and he agreed to pay off his mother's loan.

(c) Bills payable were settled at a discount of Rs. 2,000 and creditors at a discount of 20%.

(d) Realization expenses amounted to Rs. 4,000.

Prepare Realization A/c, Partners Capital A/cs. and Bank A/c.

आदित्य और रोहित एक फर्म में साझेदार थे और लाभ का बँटवारा 3 : 2 के अनुपात में करते थे। उन्होंने 1 अप्रैल 2017 को फर्म के समापन का निर्णय लिया। 31 मार्च 2017 को उनका स्थिति विवरण निम्न था :

31 मार्च 2017 को आदित्य तथा रोहित का स्थिति विवरण

देयता		राशि	सम्पत्ति	राशि
		रु.		रु.
पूँजी :			मशीनरी	60,000
आदित्य	75,000		फर्नीचर	15,000
रोहित	45,000	1,20,000	विनियोग	35,000
देयविपत्र		25,000	स्टॉक	40,000
विभिन्न लेनदार		40,000	विभिन्न देनदार	45,000
सामान्य संचय		25,000	बैंक में रोकड़	35,000
रोहित की माताजी का ऋण		40,000	लाभ हानि खाता	20,000
		2,50,000		**2,50,000**

सम्पत्तियों से वसूली और देयताओं का निपटान निम्न प्रकार से था :

(क) सम्पत्तियों से वसूली
मशीनरी..... रु. 45,000
फर्नीचर ..... रु. 8,000
स्टॉक .....रु. 50,000 एवं
देनदार ..... रु. 40,000

(ख) विनियोग को रोहित ने रु. 40,000 में ले लिया तथा वह अपनी मां के ऋण के भुगतान के लिए सहमत हो गया।

(ग) देय विपत्रों का निपटान रु. 2,000 के बट्टे पर तथा लेनदारों का निपटान 20% बट्टे पर किया गया।

(घ) वसूली व्यय रु. 4,000 थे।

वसूली खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा बैंक खाता बनाइए।

SECTION - B
खण्ड – ब

OPTION - I
विकल्प – I

(Analysis of Financial Statements)
(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

23 Give the formula of Liquid Ratio. **1**
तरल अनुपात का सूत्र दीजिए।

24 From the following calculate Operating Profit Ratio. **3**

	Rs.
Revenue from operations (sales)	1,20,000
Net Profit	15,200
Interest on Debentures	10,000

निम्न से परिचालन लाभ अनुपात की गणना कीजिए :

	रु.
परिचालन (विक्रय) से आगम	1,20,000
शुद्ध लाभ	15,200
ऋणपत्रों पर ब्याज	10,000

25 State any five parties that are interested in the analysis of financial statements. **5**
ऐसे किन्हीं पाँच पक्षों का उल्लेख कीजिए जो वित्तीय विवरणों के विश्लेषण में रुचि रखते हैं।

26 From the following information calculate : **5**
(a) Working Capital Turnover Ratio
(b) Stock Turnover Ratio

	Rs.
Cash	24,000
Bills Receivable	10,000
Sundry Debtors	40,000
Opening Inventory	35,000
Closing Inventory	45,000
Sundry Creditors	48,000
Cost of Cash Revenue from Operations	1,80,000
Cost of Credit Revenue from Operations	1,20,000
Gross Profit on cost of Revenue from Operations	30%

निम्न सूचना से गणना कीजिए :

(क) कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात

(ख) रहतिया आवर्त अनुपात

	रु.
रोकड़	24,000
प्राप्यविपत्र	10,000
विभिन्न देनदार	40,000
आरम्भिक रहतिया	35,000
अन्तिम रहतिया	45,000
विभिन्न लेनदार	48,000
परिचालन से नकद आगम की लागत	1,80,000
परिचालन से उधार आगम की लागत	1,20,000
परिचालन से आगम की लागत पर सकल लाभ	30%

27 From the following information calculate cash flow from operating activities : **6**

	Rs.
Net Profit as per statement of Profit and Loss for the year ended on 31st March 2017	2,60,000
Transfer to Reserve Fund	50,000
Depreciation on Fixed Assets for the year	60,000
Dividend paid	50,000
Amortization of goodwill	20,000
Profit on sale of fixed assets	25,000

The balances of the current assets and current liabilities as per Balance Sheet as on 31st March 2016 and 31st March 2017 were as follows :

Particulars	**31-3-2016**	**31-3-2017**
	Rs.	**Rs.**
Cash and Cash equivalents	2,30,000	2,54,000
Accounts receivable	1,80,000	1,60,000
Inventories	1,70,000	2,30,000
Accounts Payable	2,20,000	2,40,000

निम्न सूचना से परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

	रु.
31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लाभ हानि विवरण के अनुसार शुद्ध लाभ	2,60,000
संचय कोष में हस्तान्तरण	50,000
वर्ष का स्थाई सम्पत्तियों पर ह्रास	60,000
लाभांश का भुगतान	50,000
ख्याति अपलिखित की गई	20,000
स्थाई सम्पत्तियों के विक्रय से लाभ	25,000

31 मार्च 2016 और 31 मार्च 2017 के स्थिति विवरणों के अनुसार चालू सम्पत्तियों और चालू देयताओं के शेष निम्न थे :

विवरण	31-3-2016	31-3-2017
	रु.	रु.
रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य	2,30,000	2,54,000
व्यापारिक प्राप्तियाँ	1,80,000	1,60,000
रहतिया	1,70,000	2,30,000
खाता देय	2,20,000	2,40,000

OPTION - II
विकल्प – II

(Application of Computers in Financial Accounting)
(कम्प्यूटर के वित्तीय लेखांकन में प्रयोग)

23 Name the two methods of calculating depreciation. **1**
ह्रास गणना की दो विधियों के नाम बताइए।

24 Explain in brief the following work sheet operations : **3**
(a) Movement of cell pointer (b) Short cut menu.
निम्न वर्कशीट परिचालनों को संक्षेप में समझाइए :
(क) प्रकोष्ट सूचक का चलन (ख) शार्टकट मेन्यु ।

25 State the various deductions to be made from the gross salary of an employee to ascertain net salary payable. **5**
देय शुद्ध वेतन का निर्धारण करने के लिए कर्मचारी के सकल वेतन में से की जाने वाली विभिन्न कटौतियों का उल्लेख कीजिए।

26 Explain the advantages of preparation of reports using pivot table to the users. **5**
पिवट सारिणी के प्रयोग से उपयोगकर्ता को होने वाले लाभों का वर्णन कीजिए।

27 How is the shape outline changed ? Explain in brief. **6**
आकृति रूपरेखा में परिवर्तन कैसे किया जाता है ? संक्षेप में समझाइए।